# अतिवृष्टि से फसलें हो रहीं बर्बाद

**खास बातें**

- सोयाबीन, मक्का आदि फसलों को हो रहा नुकसान
- सोयाबीन में कई जगह दिख रहा पीला मोजेक रोग





नवभारत न्यूज

**सिरोंज 3 सितम्बर, क्षेत्र में इन दिनों अतिवृष्टि के कारण कई जगह फसलें बर्बाद हो रही है. अतिवृष्टि के कारण सोयाबीन, मक्का, मूंग, उड़द आदि फसलों को नुकसान हो रहा है. जिसको लेकर किसान काफी चिंतित हैं. बारिश के चलते कई जगह फसलों की फली खेतों में गिरकर सड़ रही है. वहीं कई जगह फसल पक गई है, लेकिन बारिश से खेतों में पानी भरने से किसान फसल नहीं काट पा रहे हैं.**

क्षेत्र में सितंबर माह में फिर से बारिश का दौर शुरू होने से किसान चिंतित है. सिरोंज विकासखंड में इस बार किसानों ने करीब 60 हजार हेक्टेयर में सोयाबीन तथा करीब 22 हजार हेक्टेयर में मक्का की फसल बोई है. वहीं कई किसानों ने उड़द, मूंग आदि फसलों की भी बोवनी की है. लेकिन फिर से बारिश का दौर शुरू होने से किसान अब अपनी फसलों को लेकर चिंतित हैं. किसानों का कहना है कि अतिवृष्टि के कारण कई जगह खेतों में पानी भर गया है. कई जगह फसलों की फली टूटकर खेतों में गिरकर सड़ने लगी है. जिससे किसानों को नुकसान हो रहा है. वही अधिक बारिश से मक्के की फसल भी बैठ रही है. यदि आगामी दिनों में भी बारिश का दौर जारी रहा, तो फसलें बर्बाद हो जाएगी. किसानों का कहना है कि कई जगह कम अवधि वाला सोयाबीन, मूंग, उड़द आदि की फसल पक गई है, लेकिन बारिश के कारण खेतों में पानी भरने से किसान फसल नहीं काट पा रहे है. जिससे फसलों के गलने का भय है. वहीं किसानों ने बताया कि कई जगह सोयाबीन की फसल में पीला मोजेक नाम का रोग भी दिख रहा है. जिससे फसलों को नुकसान हो रहा है. तो वही कई जगह फसलों में ईल्ली भी दिख रही है. लेकिन बारिश के कारण किसान फसलों में ईल्ली की रोकथाम के लिए कीटनाशक दवाओं का छिड़काव नहीं कर पा रहे हैं. किसानों का अनुमान है कि गत दिनों हुई बारिश से क्षेत्र में करीब 20 प्रतिशत फसलें प्रभावित हुई है. आगामी दिनों में बारिश का दौर जारी रहने पर नुकसान ओर बढ़ सकता है.

## इस संबंध में किसानों का कहना

कृषक राजेंद्र रघुवंशी बताते हैं कि कई जगह कम अवधि वाला सोयाबीन, उड़द, मूंग आदि की फसल पक गई है, लेकिन खेतों में पानी भरा होने से किसान फसल नहीं काट पा रहे हैं. जिससे किसानों को फसलों के गलने का भय है. वहीं कई जगह अतिवृष्टि के कारण फसलों की फलियां टूटकर खेतों में गिरकर सड़ने लगी है. यदि इसी तरह बारिश का दौर आगे जारी रहा तो किसानों की फसलें बर्बाद हो जावेगी. बीते दिनों हुई बारिश से ही किसानों नुकसान हो चुका है. उन्होंने बताया कि कई जगह सोयाबीन की फसल में पीला मोजेक रोग दिख रहा है. जिससे फसल नष्ट हो रही है, तो कई जगह सोयाबीन, उड़द, मूंग आदि की फसल में ईल्ली भी लग रही है. लेकिन बारिश के कारण किसान फसलों में ईल्ली की रोकथाम हेतु कीटनाशक दवाओं का छिड़काव नहीं कर पा रहे हैं. उन्होंने प्रशासन से तत्काल अतिवृष्टि से प्रभावित फसलों का सर्वे कराकर किसानों को राहत उपलब्ध कराने की मांग की है. उन्होंने कहा कि वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 की बीमा राशि भी कई किसानों को नहीं मिली है. वहीं जिन किसानों को मिली है, वह भी काफी कम राशि मिली है. किसानों को तत्काल इन वर्षों की बीमा राशि उपलब्ध कराई जावे.परसौरा के कृषक खुशाल सिंह रघुवंशी का कहना है कि लगातार हो रही बारिश से फसलों को काफी नुकसान है. यदि बारिश का दौर लगातार जारी रहता है, तो फसलें बर्बाद हो जावेगी. कई जगह कम अवधि वाला सोयाबीन, उड़द एवं मूंग की फसल पक कर खेत में खड़ी है. लेकिन बारिश के कारण किसान इन फसलों की कटाई नहीं कर पा रहे हैं. जिससे इन फसलों के सड़ने का भय है. वहीं कृषक शैलेंद्र रघुवंशी बताते हैं कि उन्होंने करीब 100 बीघा में सोयाबीन की फसल बोई है. लेकिन अतिवृष्टि के कारण करीब 40 से 45 बीघा की फसल प्रभावित हुई है तथा इस संबंध में कृषि विभाग के एसएडीओ अनुज धाकड़ ने बताया कि सिरोंज क्षेत्र में इसबार किसानों ने सोयाबीन की फसल करीब 60 हजार हेक्टेयर में तथा मक्के की फसल करीब 22 हजार हेक्टेयर में बोई है. वहीं कई किसानों ने मूंग, उड़द आदि की भी फसल बोई है. कई किसानों से अतिवृष्टि से सोयाबीन, मक्का आदि फसलों को नुकसान होने की जानकारी मिली है. अतिवृष्टि से कई जगह मक्के की फसल बैठने की जानकारी मिली है. क्षेत्र में जाकर अतिवृष्टि से प्रभावित फसलों का निरीक्षण कर रहे हैं. वहीं बीमा कंपनी को भी इसकी जानकारी दी जा रही है. किसानों द्वारा भी बीमा कंपनी को इसकी जानकारी दी जा रही है. उन्होंने बताया कि कई जगह सोयाबीन में पीला मोजेक रोग की भी शिकायत मिल रही है. जिसपर किसानों को विभाग द्वारा सलाह एवं जानकारी दी जा रही है.

### सिरोंज में औसत से 110 प्रतिशत बारिश

सिरोंज में औसत बारिश का आंकड़ा 900 मिमी माना जाता है, जबकि सिरोंज में 1 जून से बुधवार की सुबह तक करीब 998 मिमी बारिश दर्ज की जा चुकी है. इस बार सिरोंज में बारिश का आंकड़ा औसत बारिश को पार कर चुका है. बीते 24 घंटे में ही सिरोंज में करीब 24 मिमी बारिश दर्ज हुई है. जबकि पिछले साल इस अवधि में सिरोंज में करीब 810 मिमी बारिश दर्ज की गई थी.

## आनंदपुर क्षेत्र में बारिश से 60 से 80 प्रतिशत फसलें बर्बाद



जिले के आनंदपुर क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश ने किसानों की कमर तोड़ दी है. खेतों में खड़ी धान, सोयाबीन, उड़द, मक्का और सब्ज़ियों की फसलें पानी में डूबकर भारी नुकसान झेल रही हैं.स्थानीय किसानों के अनुसार इस बार लगभग 60 से 80 प्रतिशत फ़सल नष्ट हो चुकी है, जिससे ग्रामीण इलाक़ों में संकट गहरा गया है.किसान रजनीश शर्मा का कहना है कि बारिश ने सब कुछ चौपट कर दिया.हमारे खेत में खड़ी मक्का की पूरी फसल बर्बाद हो गई है.कर्ज़ लेकर मेहनत की थी, अब हालत यह है कि परिवार चलाना भी मुश्किल हो रहा है. वहीं, महिला किसान सुनीता बाई ने बताया कि सब्ज़ियों की खेती करके घर खर्च चलाते थे, लेकिन बारिश से खेत जलमग्न हो गए और सारी फसल सड़ गई. अब मंडी में बेचने के लिए कुछ भी नहीं बचा. किसानों ने प्रशासन से माँग की है कि तुरंत सर्वे कराकर मुआवज़े की व्यवस्था की जाए। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय पर मदद नहीं मिली तो आने वाले दिनों में आजीविका संकट और गहरा जाएगा.वहीं कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि लगातार बारिश और जलभराव ने मिट्टी की गुणवत्ता पर भी असर डाला है. किसानों को सलाह दी जा रही है कि वे वैकल्पिक फ़सल या रबी सीज़न की तैयारी पर ध्यान दें, ताकि नुकसान की भरपाई हो सके.

## लगातार बारिश से दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ा, सड़कें बनी हादसों का कारण



सांची क्षेत्र में लगातार हो रही भारी बारिश से सड़कें कीचड़ और फिसलन से भर गई हैं.ऐसे में वाहन चालकों के लिए सफर करना जोखिमभरा हो गया है.गीली और चिकनी सड़कों पर रफ्तार पकड़ते वाहन कभी भी हादसे का कारण बन सकते हैं.एनएच मार्ग पर छोटे-बड़े वाहन तेज रफ्तार से दौड़ते देखे जा रहे हैं. पुलिस प्रशासन को भी अब गति पर नियंत्रण के लिए सक्रिय होना होगा, ताकि दुर्घटनाओं पर अंकुश लग सके.नगर की पक्की सड़कों की स्थिति भी नल-जल योजना के चलते बदहाल हो चुकी है. वाटर प्लांट कंपनी द्वारा की गई खुदाई के बाद सड़कों की मरम्मत नहीं कराई गई, जिससे वाहन चालकों को रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. विभाग की लापरवाही पर भी सवाल उठ रहे हैं.बुधवार दोपहर लगभग 2 बजे किसानों के लिए खाद लेकर आ रहा एक ट्रक नाले में फिसलते-फिसलते बचा.चालक की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया और ट्रक सुरक्षित सोसायटी तक पहुंच सका.भारी बारिश के इस दौर में वाहन चालकों को सावधानी बरतने और पुलिस को रफ्तार पर अंकुश लगाने की सख्त जरूरत है, ताकि अनचाही दुर्घटनाओं से बचा जा सके.



# स्वास्थ्य केंद्र की जांच करने पहुंचे अधिकारी नहीं मिले बीएमओ

नवभारत न्यूज

**कुरवाई 3 सितम्बर**,कुरवाई स्वास्थ्य केंद्र में बहुत लंबे समय से भारी भ्रष्टाचार और लापरवाही देखने में आ रही है.यह जानकारी जिला कलेक्टर और वरिष्ठ अधिकारियों को भी है पर अधिकारी कार्रवाई करने पर असमर्थ दिखाई दे रहे हैं ऐसा लगता है जैसे कि वरिष्ठ अधिकारियों की भी मिली भगत है जो एसडीएम की शिकायत पर जांच दल कुरवाई पहुंचा तो स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ बीएमओ आजाद सिंह ठाकुर नादारद मिले.

मामला कुछ इस प्रकार है कुछ दिन पहले एसडीएम नितिन जैन द्वारा कुरवाई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ बीएमओ आजाद सिंह ठाकुर के खिलाफ अनीयताओं की मिल रही शिकायतों पर कुरवाई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जाकर स्वयं जांच की जांच में बहुत सारी अनियमिताएं पाई गई जिसको एसडीएम नितिन जैन ने सीएमएचओ विदिशा को अवगत कराया इसके बाद सीएमएचओ ने एक जांच कमेटी दल कुरवाई सामुदायिक केंद्र भेजा तो पाया गया कुरवाई बीएमओ आजाद सिंह ठाकुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मौजूद नहीं हे अब इसे ही समझा जा सकता है कि कुरवाई स्वास्थ्य केंद्र में कितना भ्रष्टाचार और घपले और अनियमितताएं होगी की जांच दल को एक जिम्मेदार अधिकारी ड्यूटी पर ही नहीं मिले.

# ब्राउन शुगर तस्कर गिरफ्तार

**70 हजार कीमती 7 .36 ग्राम ब्राउन शुगर जप्त**

**सिरोंज पुलिस की बड़ी कार्यवाही**

नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** सिरोंज पुलिस ने ब्राउन शुगर तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है. पुलिस ने आरोपी से 7.36 ग्राम ब्राउन शुगर पाउडर कीमती करीब 70 हजार रुपये बरामद किया है. पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को मुखबिर सूचना पर थाना सिरोंज पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी सारिक कुरैशी उम्र 22 वर्ष निवासी वार्ड 15, नकास गली सिरोंज को गिरफ्तार किया. आरोपी के कब्जे से 7.36 ग्राम ब्राउन शुगर पाउडर कीमती करीब 70 हजार रुपये बरामद की गई. इस पर थाना सिरोंज में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया. पुलिस की इस कार्यवाही में निरीक्षक विमलेश कुमार राय, उपनिरीक्षक राजेश दोहरे, प्रधान आरक्षक गोविंद, प्रधान आरक्षक सुनील गंधर्व, आरक्षक शशांक पाठक, आरक्षक विष्णु तोमर, आरक्षक अरुण, आरक्षक बाबूलाल, आरक्षक रवि की सराहनीय भूमिका रही.

## नशा मुक्त भारत अभियान के तहत मैराथन रेस का आयोजन

नवभारत न्यूज

**कुरवाई**,नशा मुक्त भारत अभियान के तहत ग्राम खिरिया तरफदार से ग्राम पाडोछा तक 1600 मीटर की मैराथन रेस का आयोजन किया गया.आयोजक राहुल अहिरवार रहे।विजेताओं को मेडल, शील्ड एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए.साथ ही प्रथम पुरस्कार स्वरूप 2000 की राशि प्रदान की गई.मुख्य अतिथि समाजसेवी सत्यजीत ठाकुर बीना, पुलिस चौकी लायरा प्रभारी शैलेन्द्र नायक ने ग्रामीणों के बीच नशा जैसी बुराइयों को छोड़ने हेतु विस्तृत चर्चा की.कार्यक्रम में सहयोगी के रूप में रामगुलाम दुबे, , संजय कांत लोधी, प्रमोद अहिरवार, रामकुमार सेन, हरीश अहिरवार का योगदान रहा.

# गंजबासौदा में बढ़ रहे अपराध, नागरिक चिंतित

**धरना प्रदर्शन करने मजबूर हो रहे नागरिक**




नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा, नगर में अपराधियों के बढ़ते हौसले को लेकर नागरिकों में आक्रोश व्याप्त है.पिछले दिनों एक नाबालिग बालिका के साथ अमानवीय कृत्य करने वाले के विरुद्ध नागरिक हाथ में तख्तियां लेकर सड़कों पर प्रदर्शन करने मजबूर हो गए. नागरिकों ने एसडीएम को ज्ञापन दिया और अपराधी को फांसी की सजा दिलाए जाने की मांग करते हुए कहा कि अपराधों पर नियंत्रण होना चाहिए.**

नगर में अपराध लगातार बढ़ रहे हैं.नशे की हालत में इस तरह की वारदातें होती है गांजा खुलेआम बिकता है.गुमटियों में पुलिस क्यों नहीं पकड़ती यह समझ से परे है.जिला सहकारी केंद्रीय बैंक स्टेशन रोड की बाउंड्री बाल से लगकर खुलेआम गांजे की पुड़िया बिकती है.साथ ही गांजा भरकर पिलाया भी जाता है.कुछ लोग यह कारोबार लंबे समय से स्टेशन रोड पर करते आ रहे हैं.इससे युवा पीढ़ी का भविष्य बर्बाद हो रहा है वह गजेडी बन रहे हैं.नशे का उनके ऊपर भूत सवार है.इससे परिवार के लोग तो परेशान है ही दुकानदार भी परेशान हैं.यह नशेड़ी सभी के लिए मुसीबत बने हुए हैं.कुछ पुलिसकर्मी इनसे वसूली करते हैं और चले जाते हैं. इनके विरुद्ध कार्यवाही नहीं होती.इससे जनमानस में पुलिस के प्रति अच्छे भाव नहीं है इस और गंभीरता से ध्यान देने की जरूरत है.

### नवीन बस स्टैंड पर होती घटनाएं

नवीन बस स्टैंड पर असामाजिक तत्व रात भर उत्पात मचाते हुए गाली गलौज करते रहते हैं बस स्टैंड बदमाशों का ठिकाना बन गया है पूर्व में यह बदमाश पुलिस पर भी हमला कर चुके हैं.इसके चलते इसके चलते उनके हौसले बुलंद है और वह लगातार अपराधों को अंजाम दे रहे हैं कृषि मंडी प्रांगण में शाम होते ही नशेले एकत्रित होने लगते हैं और तरह-तरह के नशे में लिप्त हो जाते हैं और भी अनेक स्थान ऐसे हैं.जहां इस तरह की घटनाएं घटित होती रहती है.

### पशुओं के अवैध परिवहन में लिप्त दो वाहन राजसात

नवभारत न्यूज

**विदिशा,**कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अंशुल गुप्ता ने जिले में पशुओं के अवैध परिवहन अपराध पर सख्ती बरतते हुए जप्त 02 वाहनों को राजसात करने की कार्यवाही के आदेश जारी किए हैं. कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी के द्वारा जारी आदेश उल्लेख है कि जप्त किए गए वाहन जिन्हें राजसात किया गया है उनमें वाहन क्रमांक एमपी 40 एलए 1160 (लोडिंग ऑटो टाटा एसी), संचालक हसीन खां पुत्र हबीब खां निवासी मकान नं. 26/1 ग्राम बेरखेड़ी जैतू, थाना सिविल लाइन, जिला विदिशा तथा दूसरा वाहन क्रमांक एमपी04 जीबी 0358 (लोडिंग पिकअप बोलेरो), संचालक राजकुमार उर्फ राजू गौर पुत्र भाईजी गौर, निवासी ग्राम बाबई, तहसील एवं जिला होशंगाबाद शामिल है.

## 14 विद्यार्थियों ने जीते 42 मैडल, जिला स्तरीय प्रतियोगिता में मिली सफलता



नवभारत न्यूज

**सिरोंज**, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बगरौदा के विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय क्रीड़ा एवं बौद्धिक प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया. विद्यालय के 14 विद्यार्थियों ने कुल 42 मैडल और ट्रॉफी जीतकर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया. प्रतियोगिता में मिली इस सफलता के बाद विद्यालय प्रांगण में विजयी विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया. जिसमें मुख्य अतिथि संयोजक मंडल प्रमुख वीरेंद्र रघुवंशी, स्वदेशी जागरण मंच के जिला सहसंयोजक प्रमोद रघुवंशी, सदस्य भोगीराम, संजय सिंह तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य बहादुर सिंह उपस्थित रहे. इस दौरान वीरेंद्र रघुवंशी ने विद्यार्थियों को मेहनत और अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए निरंतर अभ्यास करने की प्रेरणा दी. वहीं प्रमोद रघुवंशी ने विद्यार्थियों को समाज और राष्ट्र की सेवा में सदैव अग्रणी रहने का संदेश दिया. विद्यालय से मिली जानकारी के अनुसार इस प्रतियोगिता में 16 विद्यालयों ने भाग लिया. जिसमें बगरौदा विद्यालय ने समग्र रूप से दूसरा स्थान प्राप्त किया. एकल प्रतियोगिता में 10 विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान हासिल किया. कबड्डी टीम और रिले दौड़ शिशु एवं बाल वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ. खो-खो प्रतियोगिता में विद्यालय की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया. इसके अतिरिक्त 12 विद्यार्थियों ने व्यक्तिगत स्तर पर दूसरा स्थान अर्जित किया. बौद्धिक प्रतियोगिता में भी विद्यालय ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया. जिसमें 4 विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया. इस अवसर पर विजयी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया. समारोह में विद्यालय परिवार सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे.



## भजन गायक अनुराग ठाकुर और पंडित अभिषेक मिश्रा के भजनों ने बांधा समा

**श्री गणेश उत्सव कार्यक्रम में झूमे श्रद्धालु, भजनों से गूंजा मंदिर**

नवभारत न्यूज

**पठारी, नगर के श्री गणेश उत्सव समिति छोटी माता मंदिर सारंगा मोहल्ला मंदिर परिसर में गणेश उत्सव पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है जिसमें प्रतिदिन कार्यक्रमों की प्रस्तुत की जा रही है.**

मंगलवार को खुरई से आए भजन एवं लोकगीत गायक अनुराग ठाकुर और पंडित अभिषेक मिश्रा ने गणेश वंदना और सरस्वती वंदना से भजन संध्या की शुरुआत की। इसके बाद गायक कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक प्रस्तुति प्रस्तुत की गई भजन सुनते ही श्रोता झूमने लगे.इस दौरान सरपंच प्रतिनिधि अखिलेश पंथी नारायण कुशवाहा सहित समिति के सभी सदस्य एवं श्रद्धालु मौजूद रहे.

# अभियान की सफलता के लिए पूरे मनोयोग से करेंगे काम-कलेक्टर विश्वकर्मा




नवभारत न्यूज

**सांची, जनजातीय समुदायों की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति में सुधार लाने के उद्देश्य से प्रारंभ किए गए आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत बुधवार को जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन सांची गेटवे रिट्रीट होटल में किया गया.कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने दीपप्रज्वलन कर किया.**

कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने अधिकारियों से कहा कि अभियान का उद्देश्य जनजातीय कल्याण के लिए उत्तरदायी, पारदर्शी और जवाबदेह शासन को बढ़ावा देना है. उन्होंने कहा कि यह अवसर योजनाओं के शत-प्रतिशत क्रियान्वयन कर अंतिम छोर तक लाभ पहुंचाने का है. उन्होंने अधिकारियों को स्थानीय समुदाय को जोड़कर पूरी निष्ठा से कार्य करने का आह्वान किया.कलेक्टर ने कहा कि ग्रामों में जिन हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ नहीं पहुंच पाया है, वहां तक अवश्य पहुंचेंगे.इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अंजू पवन भदौरिया ने अभियान की विस्तृत जानकारी दी. मास्टर ट्रेनर्स ने प्रजेंटेशन के माध्यम से योजना के विभिन्न पहलुओं को समझाया.आदिवासी अनुसंधान संस्थान भोपाल की सहायक अनुसंधान अधिकारी सारिका धोलपुरिया ने कहा कि "आदि कर्मयोगी एक राष्ट्रीय मिशन है, जिसके तहत स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण, ग्रामीण विकास, वन, पंचायती राज और जल जीवन मिशन जैसे विभागों को समन्वित कर जमीनी स्तर पर सेवाओं को मजबूत किया जाएगा.कार्यशाला में सहायक कलेक्टर कुलदीप पटेल ने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं मीडिया प्रतिनिधियों को सेवा, संकल्प और समर्पण के साथ योजनाबद्ध तरीके से अंतिम छोर तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने की शपथ दिलाई.

## नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित, विदिशा

प्रधान कार्यालय :- तिलक चौक, विदिशा (म0प्र0) 464001

### अचल सम्पत्ति की बिक्री/नीलामी हेतु सार्वजनिक सूचना

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन या प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम (सरफेसी) 2022 के सेक्शन 13(4) के पठित नियम 8 (6) के अंतर्गत बैंक में बंधक रखी अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिये नीलामी सूचना

ऋणकर्ताओं को विशेष रूप से तथा सर्वसाधारण को सामान्यत: सूचित किया जाता है कि नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित विदिशा के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियों का आधिपत्य ग्रहण कर लिया गया है। सम्पत्तियों की बिक्री जो है जैसी है, जहां है जैसी है तथा जो कुछ भी है के आधार पर सार्वजनिक नीलामी के माध्यम से की जावेगी। भार सहित शर्त यदि कोई हो (बैंक की जानकारी में कोई भार नहीं है) **नीलामी दिनांक 07.10.2025 को दोपहर 2.00 बजे बैंक भवन, तिलक चौक विदिशा ( म.प्र. )**पर की जावेगी।

**नीलामी दिनांक 07 अक्टूबर 2025** **धरोहर राशि ( ईएमडी ) जमा दिनांक 06 अक्टूबर 2025**

| क्र. | ऋणी एवं जमानतदार का नाम और पता | अचल संपत्तियों का विवरण | ऋण खाते का विवरण | मांग सूचना दिनांक एवं राशि | प्रतीकात्मक/भौतिक कब्जा | आरक्षित मूल्य रू.ईएमडी रू. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री परसराम प्रजापति पुत्र श्री लीलाधर प्रजापति (ऋणी) श्रीमती रेखा प्रजापति पत्नि श्री परसराम प्रजापति (जमानतदार एवं प्रतिभूतिकर्ता) श्री निश्चय चक्रवर्ती पुत्र विजय चक्रवर्ती (जमानतदार) | वार्ड नं.17 कुम्हार गली, निकासा रोड, नगरपालिका सीमा अंदर विदिशा तहसील व जिला विदिशा मप्र में स्थित दुकान जिसका क्षेत्रफल 10 फिट 2 इंच वाय 6 फिट कुल क्षेत्रफल 61.2 वर्ग फिट अर्थात 5.68 वर्ग मीटर है। जो कि कस्बा विदिशा के प.ह.नं.60 में स्थित नजूल सीट क्र.4 सर्वे न.2127 का अंश है। पूर्व में कुम्हार गली, पश्चिम में सुनील मेहरोलिया का मकान, उत्तर में शशिबाई का मकान एवं दक्षिण में अशोक प्रजापति का मकान है। | 1-ओवर ड्राफ्ट क्र- 001138201000054 | दिनांक 31.05.2024 राशि रू. 1348541.00 | भौतिक कब्जा | धरोहर राशि (EMD) रू.50000.00<br>सुरक्षित मूल्य (Reserve Price) रू.500000.00<br>न्यूनतम बोली वृद्धि रू. (Minimum Icremetal Amount) 10000.00 |

1. बोली में भाग लेने वाले प्रतिभागी को आरक्षित मूल्य का 10 प्रतिशत धरोहर राशि अग्रिम रूप से जमा करना होगा। अधिकतम नीलामी धनराशि वाले बोलीकर्ता को सफल, धोषित करते हुये असफल बोलीकर्ताओं की धरोहर राशि बिना ब्याज के एक सप्ताह के अंदर वापिस कर दी जावेगी।

2. सफल बोलीकर्ता को बोली राशि का 25 प्रतिशत राशि (धरोहर राशि को छोड़कर) अगले दिन तक बैंक में जमा करना होगा। खरीद राशि का शेष 75 प्रतिशत का भुगतान उनको बिक्री के लिये स्वीकृत/पुष्टि के 15 दिनों के अंदर प्रत्येक दशा में जमा करना होगा। यदि सफल बोलीकर्ता शेष राशि निर्धारित अवधि में करने में जमा की करने असफल रहता है। तो उसके द्वारा जमा की गयी समस्त राशियां जब्त कर ली जायेंगी।

3. प्राधिकृत अधिकारी को बिना कारण बताये अथवा पूर्व सूचना के सबसे ऊंची/समस्त निविदा को स्वीकार/अस्वीकार/स्थगित/ निरस्त करने का अधिकार है। प्राधिकृत अधिकारी नीलामी की तिथि को आगे भी बढ़ा सकता है।

4. प्राधिकृत अधिकारी विक्रय संपत्ति से संबंधित किसी चार्ज लिखत, इनकम्बरेशन, टैक्स,सरकारी ड्यूस अन्य के प्रति जिम्मेदार नहीं होगा प्राधिकृत अधिकारी किसी प्रकार के तृतीय/अन्य पक्षकार के क्लेम अधिकार एवं देनदारियों के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

अधिक जानकारी हेतु बैंक कार्यालय में प्राधिकृत अधिकारी से संपर्क करें।

दिनांक : 03/09/2025
स्थान : विदिशा

**प्राधिकृत अधिकारी**
**नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित विदिशा**